# इंडिया न्यूट्रिशन कोलैबरेटिव ने की पोषण इनोवेशन प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की घोषणा

**नई दिल्ली।** इंडिया न्यूट्रिशन कोलैबरेटिव ने आज भारत सरकार मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के साथ मिलकर पोषण उपलब्ध कराने की सेवाओं को मजबूती देने के लिए पोषण इनोवेशन प्लेटफॉर्म (पीआईपी) की शुरूआत करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य अंतिम छोर पर मौजूद माताओं और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के पोषण के स्तर में सुधार करना है। प्लेटफॉर्म शैक्षणिक संस्थानों, स्टार्ट-अप, यूनिवर्सटी इक्यूबेटर, सिविल सोसाइटी नेटवर्क और देश के कारोबारों को अपने शानदार इनोवेशन को अवधारणा के प्रमाण के साथ लोगों के सामने लाने के लिए मंच उपलब्ध कराएगा। यह प्लेटफॉर्म मार्गदर्शन, सीड फंडिंग और निवेश के अवसर उपलब्ध कराएगा, ताकि इन इनोवेशन को सफलतापूर्वक विस्तार दिया जा सके। पीआईपी की शुरूआत द कैटलिस्ट 2030, इंडिया न्यूट्रिशन कोलैबरेटिव, अकादमिक क्षेत्र, कारोबारों, सरकार और सिविल सोसाइटी के संगठनों और लोगों के नए और बढ़ते समूह ने मिलकर की है जो अच्छी सेहत व देखभाल और भूख की समस्या को कम करने के लिए काम कर रहे हैं। नॉलेज पार्टनर के तौर पर जुड़े भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के समर्थन के साथ-साथ विटामिन एंजेल्स, जेएचपीआईईजीओ, ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया (टीआरआई), यूनिसेफ इंडिया जैसे आईएनसी सदस्य संगठनों और सार्वजनिक स्वास्थ्य पोषण के क्षेत्र में काम करने वाले डॉ. राजन शंकर और डॉ. स्मृति पाहवा जैसे जाने-माने पोषण विशेषज्ञों के साथ प्लेटफॉर्म पूरे देश में ऐसे इनोवेशन को बढ़ावा देता है ।